**संक्रमण** — जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या में हो रहा इजाफा

# डेंगू का बढ़ रहा डंक : अब तक 26 मरीज आए पॉजिटिव

**जिम्मेदारों ने कहा... शहरवासी रहें जागरूक**




**नवभारत,जबलपुर।** रूक-रूककर जिले में हो रही बारिश के बीच डेंगू ने अपने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। नतीजा ये है कि जिला अस्पताल विक्टोरिया में बुखार, सर्दी और जोड़ों में दर्द के कारण इलाज कराने पहुंच रहे मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। वहीं डेंगू पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा जनवरी 2025 से लेकर अगस्त तक 26 पहुंच चुका है।

जिला मलेरिया कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार डेंगू के जो नए केस मिल रहे हैं वे ज्यादातर घनी आबादी वाली बस्ती जैसे क्षेत्रों से हैं। विदित हो कि डेंगू की रोकथाम के लिए मलेरिया विभाग और नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा सर्वे के बाद लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में इन टीमों के रोकथाम के प्रयासों पर भी अब सवाल उठने लगे हैं।

### कुछ इस प्रकार बरतें सावधानियां

- घर में कूलर, डिब्बे, टायरों में भरे पानी को हटाएं।
- बुखार आने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करें।
- पानी का जमाव एक स्थान में न होनें दें।

### डेंगू पॉजिटिव मरीजों का लिया जा रहा फॉलोअप

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. ब्रजेश पटेल ने नवभारत को बताया कि डेंगू पॉजिटिव मरीजों का फॉलोअप भी लिया जा रहा है और शहरवासियों को मच्छरजनित बीमारी डेंगू के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। उधर नगर निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा जिन घरों में लार्वा मिल रहा है उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की जा रही है।

### इनका कहना है

जबलपुर जिले में जनवरी 2025 से लेकर अगस्तक 2025 तक डेंगू के 26 केस पॉजिटिव सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा सर्वे के बाद घनी आबादी वाले इलाकों में मिले डेंगू के लार्वा को नष्ट किया जा रहा है जिससे शहरवासी डेंगू की चपेट में न आएं।

**डॉ. ब्रजेश पटैल**
**जिला मलेरिया अधिकारी**

जिले में डेंगू, चिकिनगुनिया व मलेरिया जैसे रोगों की रोकथाम के लिए मलेरिया विभाग, एनजीओ व नगर निगम के 100 से ज्यादा अधिकारी व स्वास्थ्य कार्यकर्ता जागरूकता फैला रहे हैं। जहां डेंगू के ज्यादा केस आ रहे हैं वहां सभी लोगों की बुखार की जांच भी कराई जा रही है।

**डॉ. संजय मिश्रा**
**सीएमएचओ, जबलपुर**

# मंडी परिसर गंदगी और दुर्गंध से सना

**कृषि उपज मंडी की सफाई पर लगा प्रश्नचिन्ह**



**नवभारत, जबलपुर।** शहर की प्रमुख कृषि उपज मंडी इन दिनों गंदगी, दुर्गंध और अव्यवस्थाओं का केंद्र बन गई है। सब्ज़ी, फल, अनाज और अन्य कृषि उत्पादों की थोक ख़रीद-फ़रोख़्त के लिए आने वाले किसानों और व्यापारियों को बदबू, कीचड़ और कचरे से होकर गुजरना पड़ रहा है। नियमित सफाई न होने के कारण नालियों में सड़ी सब्जियाँ, प्लास्टिक, और कचरे का अंबार लगा है। स्थानीय व्यापारियों और किसानों ने मंडी प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मंडी परिसर में सफाई की स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है। यहां पर रोज़ इस गंदगी में काम करने को मजबूर हैं। यहां न तो नियमित सफाई होती है और सफाई होती भी है तो कचरा नहीं उठाया जाता है।

### जहां स्वच्छता का ज्ञान, वहीं लगा अंबार

मंडी परिसर में कचरा फेंकने के लिए जगह-जगह कचरा घर बनाए गए हैं, जहां पर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए स्लोगन भी लिखे हुए हैं। लेकिन जिस स्लोगन से स्वच्छता बनाए रखने ज्ञान मिलता है, उल्टा वहीं पर ही कचरे का अंबार देखने को मिल रहा है। इसके अलावा पास में ही लगे शौचालयों की स्थिति भी बेहद दयनीय है। बदबू से वहां जाना तक मुश्किल हो गया है।

### इनका कहना है

सफाई की जिम्मेदारी ठेकेदार को दी गई है, हम मामले की जांच करेंगे और जल्द आवश्यक कदम उठाएंगे। जिससे मंडी में स्वच्छता बनी रहे।

**आर के सैय्यम**
**मंडी सचिव**

# जर्जर स्कूलों के पुनर्निर्माण का कार्य जल्द होगा शुरू

**पंचायत और विभाग मिलकर करेंगे निर्माण**

**नवभारत,जबलपुर।** जिले में लंबे समय से जर्जर हालत में पड़े शासकीय स्कूलों के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया अब तेज़ी पकड़ रही है। शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और बच्चों को सुरक्षित, अनुकूल वातावरण देने के उद्देश्य से प्रशासन ने जिले के पुराने और जर्जर स्कूल भवनों की जांच शुरू की थी। जिनकी जानकारी भी सामने आने लगी है, इसके अलावा कुछ जर्जर स्कूलों का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू होने वाला है। इसके साथ ही समस्त ग्राम पंचायत में सरपंच और सचिव द्वारा संबंध स्कूलों और भवनों की जानकारी ली जा रही है, जहां पर भी स्थिति ज्यादा गंभीर है वहां पर तुरंत ही निर्माण कार्य शुरू करने की प्रक्रिया चल रही है।

### 25 लाख तक निर्माण का जिम्मा पंचायत को

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जर्जर हो चुके स्कूलों को बनाए जाने की प्रकिया के तहत 25 लाख रुपए तक की लागत वाले निर्माण कार्यों की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों को सौंपी गई है। इससे ऊपर की लागत वाले स्कूल भवनों का निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। जानकारी के अनुसार पनागर जनपद के अंतर्गत सूखा ग्राम पंचायत में स्कूल भवन का निर्माण कार्य शुरू भी हो चुका है।

### जर्जर शाला भवनों में नहीं लगेगी कक्षाएं

विगत दिनों कलेक्टर दीपक की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक कलेक्टर ने कहा कि विशेष रूप से कहा कि किसी भी स्थिति में जर्जर शाला भवनों में कक्षाएं नहीं लगेगी। उसके लिए अल्टरनेटिव व्यवस्था करें, सुरक्षित भवन में ही कक्षाएं लगाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों कहा जर्जर भवनों को चिन्हित कर उनकी संख्या बताएं। साथ ही कहा कि जर्जर भवनों के सुधार है या मरम्मत के लिए जो राशि जारी की गई थी, उसका क्या हुआ, जानकारी दी जाए।

## तालाबनुमा गड्ढे में डूबने से वृद्ध की मौत

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत चरगवां हार स्थित खेत में बने तालाबनुमा गड्ढे में डूबने से वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक रम्मू लाल करयाम 30 वर्ष निवासी चरगवॉ हार तिलवारा ने सूचना दी कि उसके पिता बसोरी लाल करयाम 60 वर्ष शनिवार सुबह रोजाना की तरह 4 बजे घूमने के लिये घर के पीछे लगे खेत में गये थे , वह एवं उसका भाई सुबह 6 बजे अपने अपने काम पर चले गये थे, 11-45 बजे पत्नि नीलम खेत गयी जहाँ देखा कि खेत में बने गहरे गड्ढे में उसके पिता बसोरी लाल का शव उतरा रहा था, पत्नि ने फोन कर बताया तो उसने जाकर देखा उसके पिता का शव गड्ढे के पानी में उतरा रहा था। गड्ढे में फिसलने से गड्ढे के पानी में डूबने से पिता की मौत हो गई।

# पिता ने बड़े पुत्र के साथ छोटे बेटे को मार डाला

**जबलपुर।** बरगी थाना अंतर्गत राजाराम डुगरिया टोला में बाइक नहीं देने पर उपजे विवाद के बाद छोटे भाई ने बड़े भाई की बाइक में तोड़फोड़ कर दी जिसके बाद विवाद इतना बढ़ गया कि पिता ने बड़े पुत्र के साथ मिलकर छोटे बेटे पर रॉड, पत्थर से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपित पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। बरगी थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटकार ने बताया कि जगदीश माकर्को पिता मोहन मार्को 60 वर्ष निवासी ग्राम राजाराम डुगरिया टोला बरगी नगर ने पुत्र अरविंद मार्को 32 वर्ष को नई बाइक दिलाई थी। इसके पहले छोटे बेटे विशन मार्को को बाइक दिलवाई थी लेकिन विशन अरविंद की बाइक मांग रहा था जब उसने बाइक देने से मना किया तो विवाद बढ़ गया। 15 अगस्त को जगदीश मार्को एंव अरविंद मार्को ने विशन पर रॉड से हमला कर दिया इसके बाद पत्थर से उसका सिर कुचल कर हत्या कर दी गई। प्रारंभिक जांच में यह बात भी सामने आई कि विशन शराब पीने का आदी था और रोजाना विवाद करता था जब उसने बाइक को लेकर विवाद की तो पिता ने बड़े बेटे के साथ मिलकर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू की। इसके बाद सूचना मिली जगदीश मार्को एवं अरविंद मार्को कही जाने के लिये बरबटी में बस स्टेंड पर खड़े है सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की और जगदीश मार्को एवं अरविंद मार्को को दबोच लिया। दोनों की निशा देही में घटना में प्रयुक्त पत्थर एवं लोहे की राड जब्त कर ली। पुलिस ने आरोपी जगदीश मार्को पिता मोहन मार्को 60 वर्ष , अरविंद मार्को पिता जगदीश मार्को 32 वर्ष दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें कोर्ट ने जेल भेज दिया है।

### भैंस हटाने पर हुए विवाद की गई थी हत्या

मढोताल थाना अंतर्गत शंकर नगर में 58 वर्षीय भैयाजी यादव की अंधी हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। साथ ही आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। हत्या भैंस हटाने की बात पर उपजे विवाद के बाद की गई थी। विदित हो कि माढोताल पुरानी बस्ती करमेता निवासी भैयाजी यादव 58 वर्ष रोजाना की तरह बुधवार सुबह 11 बजे भैंस चराने के लिए घर से निकला था शंकर नगर में उनकी खून से सनी लाश पड़ी मिली। परिजनों ने शव रखकर चक्काजाम किया था। परिजनों ने पुलिस को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उनका कहना था कि अगर इस समय में गिरफ्तारी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन होगा। पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच करते हुए ओमप्रकाश चौधरी को पकड़ा गया जिसने हत्या करना स्वीकार किया। भैंस हटाने की बात पर विवाद हुआ था जिसके बाद हथौड़ी से हमला कर हत्या कर दी थी।

## साइबर ठग ने खाते से उड़ाए बीस हजार

**जबलपुर।** साइबर ठग ने हनुमानताल चांदनी चौक निवासी एक युवक के खाते से बीस हजार रूपए निकाल लिए। हनुमानताल पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया हैं।

पुलिस के मुताबिक मोहम्मद शकील पिता मोहम्मद जिलानी 33 वर्ष निवासी चांदनी चौक हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह फल का व्यापार करता है। उसका खाता एचडीएफसी बैक दमोहनाका शाखा में है। बैंक खाते से 10-10 हजार की राशि दो बार में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा आहरित कर ली गई। जब उसे जानकारी लगी तो वह दमोहनाका स्थित एचडीएफसी बैंक गया और वहाँ बैंक अधिकारियों के समक्ष खाते से राशि आहरित कर लिये जाने के संबंध में शिकायत की तो बैंक अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि साजिद पिता निजामुद्दीन निवासी पुणे सिटी महाराष्ट्र के द्वारा आईडी बनाई गई इसका उपयोग कर उसने पैसे निकाला है। इसके बाद किसी अब्दुल हामिद शेख नाम के व्यक्ति के स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के खाते में ट्रांसफर किये है।

# चाकूबाजी में पांच घायल

**जबलपुर।** शहर व ग्रामीण अंचल में हुई चाकूबाजी में पांच लोग घायल हो गए। यह वारदातें माढ़ोताल, पाटन,घमापुर थाना क्षेत्र में हुई।

घमापुर पुलिस ने बताया कि प्रभात चौधरी 31 वर्ष निवासी कांचघर हनुमान टोरिया मंदिर के पीछे घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात लगभग 2 बजे वासू जुगेल और कार्तिक उर्फ बाबू चौधरी आकर उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो कार्तिक उर्फ बाबू ने उसे पकड़ लिया वासू जुगेल ने चाकू से हमलाकर चोट पहुँचा दी। इसी प्रकार माढोताल थाने में रोशन झारिया 30 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती ने रिपोर्ट पीछेकराई कि रात लगभग 11 बजे बुन्देला बाबा मंदिर के पास से कार्तिक कोल अपने दोस्तों के साथ आकर शराब पीने के लिये 300 रूपये मांगने लगे, मना किया तो हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे कार्तिक कोल ने चाकू से हमलाकर चोटें पहुँचा दी। इसी। प्रकार पाटन थाने में उमेश पटेल 20 वर्ष निवासी पाटन ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि झण्डा चौक के पास देवी सुरैया कुंजन उर्फ अनुराग उर्फ अन्नू झारिया एवं समीर, शाहरूख, शेख शरीफ उसके पास आकर 1 हजार रूपये मांगने लगे, रूपये देने से मना करने पर चाकू, डण्डे, पाईप से हमला करते चोट पहुंचाई चरण कुशवाहा एवं राजेन्द्र विश्वकर्मा ने बीच बचाव किया तो उन पर साथ भी हमला किया।

# स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जेल से 12 कैदी हुए आजाद



जबलपुर। जबलपुर के केंद्रीय कारागार से स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे 12 बंदियों को उनके सजा के दौरान अच्छा आचरण होने पर रिहा किया गया। रिहाई की खुशी में कैदियों और उनके परिजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे। जिन कैदियों की रिहाई हुई हैं उसमें महिला बंदी हर्षलता उर्फ मुस्कान पति इरफान उर्फ छोटू उर्फ अनस निवासी लड़ईया मोहल्ला कटंगी नाका माता दिवाला विवेकानंद वार्ड सिवनी सिवनी जिला सिवनी, केवल बैगा पिता सुम्मत बैगा निवासी फूलवाही थाना शहपुरा जिला डिण्डौरी,जनक पिता साहेराम निवासी चुनपथरी थाना बजाग जिला डिण्डौरी, शिवचरण पिता गौड़ निवासी सरसवाही,रंगीलाल पिता सिंह गौड़ गिरनू, निवासी जाड़ासुरंग समनापुर,अशफाक खान पिता अब्दुल खलीद निवासी सिटीकोतवाली सिवनी,परसादी पिता वीरनलाल गौड़ निवासी सागर कुरई,गुड्डा उर्फ गुरुदयाल पिता मूलचंद्र कोरी निवासी नरसिंहपुर तेंदूखेड़ा,महेन्द्र सिंह पिता शिवभान सिंह निवासी कटरिया ढीमरखेड़ा,रमेश उर्फ भैयाजी पिता चंद्रिका प्रसाद तिवारीनिवासी इटौली थाना ढीमरखेड़ा,वीरेन्द्र उर्फ खोख्खल पिता चंद्रिका,ज्ञानी पिता झाऊलाल गोलू, अरविंद उर्फ कालू पिता सोहनलाल शामिल है।

## सीने में उठा दर्द,हाथ पैर शून्य पड़े, मौत

जबलपुर। सिहोरा थाना अंतर्गत घाना में एक युवक की अचानक तबियत बिगड़ गई सीने में दर्द उठा और हाथ पैर शून्य पड़ गए जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई।पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह पंकज पटैल 31 वर्ष निवासी ग्राम घाना ने सूचना दी कि जीजा सुनील उर्फ गोलू पटैल को अचानक सीना में दर्द होने, हाथ पैर शून्य पड़ने लगे जिन्हें उपचार हेतु शासकीय अस्पताल सिहोरा लेकर आये डाक्टर ने चैक कर उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## सूने घर से जेवरात, नगदी ले गए चोर

**जबलपुर।** मझौली थाना अंतर्ग कापा में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर जेवरात और नगदी पार कर दी। पुलिस के मुताबिक श्रीमति रचना लोधी पति दशरथ ठाकुर 37 वर्ष निवासी कन्या स्कूल के पीछे ग्राम कापा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 अगस्त को हलषष्ठी की पूजा के लिये अपने जेठ गोविन्द सिंह ठाकुर के घर गई थी रात्रि अधिक होने व पति के घर से बाहर होने के कारण वही रात्रि में रुक गई थी। शनिवार को अपने घर आई अंदर जाकर देखी तो अंदर समान बिखरा पड़ा है एवं अंदर वाले बेडरूम के कमरे में रखी आलमारी का ताला खुला व लॉकर टूटा था । लाकर देखी जिसमें रखे सोने चांदी के जेवरात, नगदी 25,000 रूपये गायब थे।

## युवक ने लगाई फांसी

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत आमानाला में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि आमानाला गणेशगंज स्कूल के पीछे रांझी निवासी धनराज चौधरी 38 वर्ष ने कमरे में लगे सिलींग फेन की हुक से साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली धनराज चौधरी की शादी हो चुकी थी पत्नी से तलाक होने के बाद लगभग डेढ़ वर्ष पहले से दूसरी पत्नी वंदना चौधरी को अपने घर में रखा था जो रक्षा बंधन के पहले मायके चली गयी थी धनराज शराब पीने का आदि था। पति पत्नी के बीच कभी कभी कहा सुनी होती रहती थी।

# पत्नी और उसके परिजनों ने इतना प्रताड़ित किया की पति ने कर ली थी खुदकुशी

**मार्ग जांच में हुआ खुलासा: सुसाइड नोट में लिखा ससुराल में मेरे को बहुत मारे बर्दाश्त नहीं हुआ, प्रकरण दर्ज**

**जबलपुर।** सिविल लाईन थाना अंतर्गत प्लेटफार्म नम्बर 6 के बाहर एक युवक ने जहर खा लिया था जिसकी मेडिकल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी मर्ग जांच में खुलासा हुआ कि मृतक को पत्नी और मायके पक्ष ने इतना प्रताड़ित किया कि उसने मौत को गले लगा लिया था। जांच के बाद पुलिस ने पत्नि व मायके पक्ष के लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया हैं। पुलिस ने बताया कि प्लेटफार्म नम्बर 6 के बाहर से कार्तिक पटैल 25 वर्ष निवासी ग्राम तलैया कोहरी थाना कैमोर जिला कटनी द्वारा जहर का सेवन करने से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था दौरान उपचार के मौत हो गई थी। जांच के दौरान मृतक पटेल के पेंट की जेब से सुसाईड नोट मिला जिसमें कार्तिक द्वारा लेख है किया गया कि पत्नी करिश्मा अपने मायके में फोन लगाकर बुलायी तो वो लोग मेरे को बहुत मारे बर्दाश्त नहीं हुआ अपनी जान ससुराल वालों की वजह से दे रहा हूँ आदि लेख है। मृतक के सुसाइड नोट की हेंड राईटिंग की जांच प्रलेख परीक्षक जहांगीराबाद भोपाल से कराई गयी। मृतक कार्तिक की पत्नी करिश्मा पटैल, करिश्मा के मायके पक्ष के सीताराम पटैल, साहिल पटेल, रामलाल पटेल, द्वारा कार्तिक पटैल को प्रताड़ित करना, मारपीट करना एवं अपमानित करने के कारण कार्तिक पटेल द्वारा जहर खाकर आत्महत्या करना पाया गया। सम्पूर्ण जांच पर चारों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### पति पर दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज

औरिया निवासी एक महिला की मौत के मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद पति के खिलाफ दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया हैं। नगर पुलिस अधीक्षक माढ़ोताल बीएस गोठरिया ने बताया कि 12 जुलाई 25 को भारत प्रसाद सेन 56 वर्ष निवासी गौर सालीवाड़ा बरेला ने लिखित शिकायत की थी कि बेटी दुर्गेश नंदनी की शादी 3 वर्ष पूर्व 22 जनवरी 20 को कान्हा सेन निवासी औरिया के साथ हुयी थी शादी में दुर्गेश नंदनी के माता पिता ने अपनी सामर्थता के अनुसार दान दहेज दिया था, शादी के कुछ दिनों बाद दुर्गेश नंदनी को पति कान्हा सेन पैसों की मांग कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा बार बार पेसों की मांग करते हुये बेटी की दवाई करवाने के लिये भी पैसों की मांग करता थ बेटी के गर्भवती होने के बाद भी बेटी दुर्गेश नंदनी के साथ मारपीट करता था पूर्व में दुर्गेश नंदनी का 2 बार गर्भपात हो चुका था तीसरी बार गर्भवती हुयी थी 9 जुलाई को तबियत खराब हो जाने से दामाद कान्हा सेन के साथ दुर्गेश नंदनी को बेहोशी हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराये थे बेटी के पेट से 6 माह का बच्चा निकाला गया था 11 जुलाई को सुबह लगभग 10-11 बजे बेहोशी हालत में ही दुर्गेश नंदनी की मौत हो गयी थी कान्हा सेन द्वारा मौत की सूचना थाना एवं पुलिस चौकी नहीं दी थी। आरोपी कान्हा सेन 27 वर्ष निवासी कटंगी वायपास रोड औरिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया।























